चाहे दुःख पाऊं मै चाहे सुख पाऊं

चाहे दुःख पाऊं मै चाहे सुख पाऊं मै झंडेवाली तेरा ध्यान करता रहूं,
बस यही आरजू है भवानी मेरी उम्र भर तेरा गुणगान करता रहूं,
चाहे दुःख पाऊं मै चाहे सुख पाऊं मै झंडेवाली तेरा ध्यान करता रहूं......

कितनी मुश्किल हो जीवन में परवाह नहीं,
मुश्किल से कभी मै तो डरता नहीं,
इतना आशीष दो माँ सदा मुश्किलें तेरी कृपा से आसान करता रहूं,
चाहे दुःख पाऊं मै चाहे सुख पाऊं मै झंडेवाली तेरा ध्यान करता रहूं......

रास्तों की नहीं मुझको कोई फ़िक्र जब तलक तेरे चरणों में है मेरा सर,
मंजिले तेरे चरणों से पाता रहूं इतनी अरदास तुमसे मै करता रहूं,
चाहे दुःख पाऊं मै चाहे सुख पाऊं मै झंडेवाली तेरा ध्यान करता रहूं.....

झूठ की रोटी से ना मै गुजर करूँ दीं दुखियो की हर पल फ़िक्र मै करूँ,
शर्मा सब के दुःख बाँटता ही रहे संजय सब को ही सुख बांटता रहे,
चाहे दुःख पाऊं मै चाहे सुख पाऊं मै झंडेवाली तेरा ध्यान करता रहूं,
बस यही आरजू है भवानी मेरी उम्र भर तेरा गुणगान करता रहूं,
चाहे दुःख पाऊं मै चाहे सुख पाऊं मै झंडेवाली तेरा ध्यान करता रहूं......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30047/title/chahe-dukh-paau-main-chahe-sukh-paau

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |